# Regarding funds for Gram Sabhas

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती)** : धन्यवाद सभापति जी, आज बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मुझे अवसर दिया गया । आज देश में ग्राम सभा स्तर पर, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, रोजगार सेवक की विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं, जिनको मैं निम्न प्रकार से व्यक्त करता हूं- आज ग्राम प्रधान, जो मनरेगा के द्वारा जिला स्तर पर कार्य कराता है, धन न होने के कारण ग्राम प्रधान पूर्ण से अपना काम नहीं करा पा रहा है ।

महोदया, ग्राम सभा में हर घर जल, हर घर नल योजना, जो भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है, उसके तहत ग्राम सभा में तमाम गलियां, सड़कें खोदकर तमाम सड़कों को तोड़ दिया गया है । मैं आपके माध्यम से चाहूंगा कि उन सड़कों की मरम्मत करने का भी काम उन संस्थाओं द्वारा कराया जाए । साथ ही साथ रोजगार सेवक और ग्राम प्रधान मनरेगा मजदूरों की मजदूरी को भी बढ़ाकर ग्राम प्रधान का कम से कम वेतन 5 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया जाए । मनरेगा मजदूरों की मजदूरी बढ़ाकर 237 रुपये से 500 रुपये की जाए और रोजगार सेवक, जिनका वेतन 7788 रुपये है, उसको बढ़ाकर कम से कम 10 हजार रुपये किया जाए । धन्यवाद ।